**BUDHA DAL PUBLIC SCHOOL PATIALA**
**First Term Examination (9 September 2024)**
**Subject - Hindi**
**Class - VIII**
**(SET - A)**

**Time: 3 hrs.** **MM: 80**

भाग-क (पठन)

प्र1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दें: (5)

हँसी भीतरी आनंद का बाहरी चिह्न है। जीवन की सबसे प्यारी और उत्तम-से-उत्तम वस्तु एक बार हँस लेना तथा शरीर को अच्छा रखने की अच्छी-से-अच्छी दवा एक बार खिलखिला उठना है। पुराने लोग कह गए हैं कि हँसो और पेट फुलाओ। हँसी कितने ही कला-कौशलों से भली है। जितना ही अधिक आनंद से हँसोगे, उतनी ही आयु बढ़ेगी। एक यूनानी विद्वान कहता है कि सदा अपने कर्मों पर खीझने वाला हेरीक्लेस बहुत कम जिया, पर प्रसन्न मन डेमाक्रीट्स 109 वर्ष तक जिया। हँसी-खुशी का नाम जीवन है। जो रोते हैं, उनका जीवन व्यर्थ है। कवि कहता है—"ज़िंदगी ज़िंदादिली का नाम है, मुर्दा दिल क्या खाक जिया करते हैं।" मनुष्य के शरीर के वर्णन पर एक विलायती विद्वान ने पुस्तक लिखी है। उसमें वह कहता है कि उत्तम सुअवसर की हँसी उदास-से-उदास मनुष्य के चित्त को प्रफुल्लित कर देती है। आनंद एक ऐसा प्रबल इंजन है कि उससे शोक और दुख की दीवारों को ढा सकते हैं। प्राण-रक्षा के लिए सदा सब देशों में उत्तम-से-उत्तम उपाय मनुष्य के चित्त को प्रसन्न रखना है। सुयोग्य वैद्य अपने रोगी के कानों में आनंदरूपी मंत्र सुनाता है। एक अंग्रेज़ डॉक्टर कहता है कि किसी नगर में दवाई लदे हुए बीस गधे ले जाने से एक हँसोड़ आदमी को ले जाना अधिक लाभकारी है।

क) एक बार हँस लेने को लेखक ने क्या बताया है?
ख) यूनानी विद्वान का क्या कथन है?
ग) हँसी-खुशी का जीवन से क्या संबंध है?
घ) विलायती विद्वान ने अपनी पुस्तक में क्या लिखा है?
ङ) हँसी को एक शक्तिशाली इंजन के समान क्यों कहा गया है?

भाग-ख (पाठ्य पुस्तक)

प्र2. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ बताएँ (कोई 6)- (3)
मलय पवन, आवागमन, चुनिंदा, दुर्गंध, संकेत, प्रबल, पाषाण, दृष्टि

प्र3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक या दो वाक्यों में दें- (कोई 5) (5)
क) 'इतने ऊँचे उठो' कविता में कवि ने नूतन अक्षर किसे देने के लिए कहा है?
ख) 'मुक्ति' कहानी में चिड़िया का घर में आना-जाना किन महीनों में शुरू हो जाता है?
ग) पाठ के आरंभ में श्रीमती राव क्या कर रही थी?
घ) 'चलना हमारा काम है' कविता में कवि के पग में क्या अटकता है?
ङ) 'सड़क' पाठ में कौन दोपहर को अपने कोमल चरणों को लेकर सड़क पर आती है?
च) सड़क दिन-रात क्या सुनती है?
छ) प्रोफेसर राव ने क्या आविष्कार किया?

A-1

Scanned with CamScanner

**प्र4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तार से दें- (कोई तीन)** (6)

क) 'चलना हमारा काम है' कविता के कवि का नाम बताएँ तथा कविता से मिले संदेश के बारे में लिखें।

ख) मुक्ति का संघर्ष, मुक्ति की हवाएँ, मुक्ति का आकाश क्या और कैसा होता है, यह दरअसल पहले मुझे मालूम नहीं था। (आशय स्पष्ट करें)

ग) प्रोफेसर राव के चश्मों के बारे में विस्तार से बताएँ।

घ) बच्चे सड़क की धूल से कैसा व्यवहार करते हैं?

**प्र5. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर एक-दो वाक्य में दीजिए-** (4)

अब तक घर के बुजुर्गों का जोश समाप्त हो चुका होता है। बच्चों का उत्साह भी क्षीण होने लगता है, जैसे इस खेल से उनका मन भर गया हो। औरतें भी उसकी बच्चों जैसी जिद के आगे हार जाती हैं और उसके आवागमन को देख मुसकराकर रह जाती है। चिड़िया अपने तिनकों, अपनी चीं-चीं और अपनी पूरी चपलता के साथ घर में घुस आती है और दीवार पर टँगी तस्वीर के पीछे, अलमारी के ऊपर, बाथरूम में और ड्रेसिंग टेबल के आजू-बाजू अपना घर बनाना शुरू कर देती है। घर में यहाँ-वहाँ तिनके बिखेरना शुरू हो जाता है और चिड़िया एक कमरे से दूसरे कमरे की ओर, रसोईघर में स्नानगृह तक समूचे घर में मालकिन की तरह उड़ती रहती है, फुदकती रहती है।

क) चिड़िया घर में किस तरह घुस आती है?

ख) किसका जोश समाप्त हो जाता है?

ग) चिड़िया के आवागमन को देखकर कौन मुसकराता है?

घ) चिड़िया अपना घर कहाँ बनाना शुरू कर देती है?

## भाग-ग (व्याकरण)

**प्र6. निम्नलिखित रिक्त स्थान भरें:** (2)

क) भाषा का मूलरूप .............. भाषा है।

ख) अंग्रेजी ............ लिपि में लिखी जाती है।

**प्र7क)** 'विज्ञान' शब्द का वर्ण विच्छेद कीजिए। (2)

ख) अनुस्वार चिह्न का प्रयोग करके कोई दो शब्द लिखिए।

**प्र8. निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं दो शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए:** (2)

ईश्वर, घर, किनारा

**प्र9. निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित पदों के विलोम शब्द से रिक्त स्थानों की पूर्ति करें**(2)

क) हमें ............. का संग करना चाहिए न कि दुर्जन का।

ख) आस्तिक हो या ............, सभी इस स्थान पर शीश नवाते हैं।

**प्र10. निम्नलिखित अनेकार्थी शब्दों का जो सही अर्थ नहीं है उसे छाँट कर लिखें:**(2)

क) अक्षर - वर्ण, शिव, ब्रह्मा, इच्छा

ख) घट - मन, घड़ा, शरीर, गेहूँ

A-2

Scanned with CamScanner

प्र11. कोष्ठक मे दिए गए श्रुतिसम शब्दो मे से उचित शब्द छाँटकर रिक्त स्थानो की पूर्ति करे:(2)

क) ............. से बच्चे का बदन तप रहा है। (ज्वर, ज्वार)

ख) हमें ............. को प्रदूषण मुक्त करना है। (धारा, धरा)

प्र12. निम्नलिखित प्रत्ययों में से किन्हीं दो का प्रयोग करके दो-दो शब्द बनाएँः (2)

आन, ना, ता

प्र13. रचना के आधार पर निम्नलिखित वाक्यों का भेद बताएँः (2)

क) वहाँ खड़े रहो, जहाँ गाड़ी रूकती है।

ख) मै पुस्तकें खरीदने बाजार गया।

प्र14. निम्नलिखित उपसर्गों में से किन्हीं दो का प्रयोग करके दो-दो शब्द बनाएँः (2)

अप, सु, अव

प्र15. निम्नलिखित वाक्यों को उचित अव्यय शब्दों से पूरा कीजिएः (2)

(संबंधबोधक, विस्मयादिबोधक, समुच्चयबोधक, निपात) (कोई 2)

क) ............. आज बहुत गरमी है।

ख) पहाड़ी .............. एक छोटा-सा घर है।

ग) मेरे पिता जी ईमानदार ................. परिश्रमी है।

प्र16. निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके दोबारा लिखिएः (2)

क) मुझसे रोटी नहीं खाया जाता।

ख) पत्र लिखने को उसने पेन माँगा।

प्र17. निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित पदबंध का भेद बताएँः (कोई 2) (2)

क) क्यारियों में रंग-बिरंगे फूल देखकर मन प्रसन्न हो गया।

ख) दशरथ पुत्र राम चौदह वर्ष के लिए वन में चले गए।

ग) बिना सोचे-समझे तुम वहाँ क्यों चले गए?

प्र18. कोष्ठक में दिए गए मुहावरों में से सही मुहावरे का प्रयोग करके वाक्य पूरा करो:(2)

क) (1) आजकल तो हर आदमी ............. में लगा।

(अपना उल्लू सीधा करना, अक्ल पर पत्थर पड़ना)

(2) नौकरी के लिए मीना बेचारी ................ फिर रही है। (खाक छानना, आँख खुलना)

ख) 'अंग-अंग ढीला होना' मुहावरे का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग करें।

प्र19. निम्नलिखित वाक्यों मे उचित विराम-चिह्नों का प्रयोग करके वाक्य दोबारा लिखेः (3)

क) हाँ मै कल दिल्ली जाऊँगा

ख) अरे तुम अभी तक गए नहीं

ग) व्यापार में लाभ हानि तो होती है



Scanned with CamScanner

**प्र20क) निम्नलिखित शब्दों में संधि करके शब्द को पुनः लिखिए (कोई 4)** (2)

1) गुरु+उपदेश 2) तप+ईश 3) गंगा+उत्सव 4) महा+ओज 5) सत्य+आनंद

**ख) निम्नलिखित शब्दों में से किसी एक का संधि विच्छेद करें:** (1)

न्यायालय, साधूत्वस

**प्र21क) निम्नलिखित विग्रहों के समस्तपद बनाएँ:** (1)

परीक्षा के लिए भवन, राधा और कृष्ण

**ख) निम्नलिखित समस्त पदों का समास विग्रह करके समास का भेद लिखें:** (2)

राजमाता, आजन्म

**प्र22.** अनुप्रास अलंकार को स्पष्ट करती एक उदाहरण लिखें। (1)

## (खण्ड-घ) लेखन

**प्र23. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक पर अनुच्छेद लिखें:** (5)

**मीठी वाणी : एक वरदान**

संकेत बिंदु: अर्थ, महत्त्व, चरित्र निर्माण, सफलता

**जब मैंने पहली बार चाय बनाई**

संकेत बिंदु: कब, किस के लिए, कैसी बनी, क्या सीखा

**बाल मजदूरी : एक अभिशाप**

संकेत बिंदु: समाज की समस्या कैसे, बच्चों को पढ़ाना चाहिए, सरकारी योजना/ सुविधा, कैसे इसे दूर करें

**प्र24.** विद्यालय में कंप्यूटर शिक्षा की व्यवस्था करने के लिए प्रधानाचार्य को एक प्रार्थना-पत्र लिखिए। (5)

**अथवा**

अपने घर में चोरी हो जाने की सूचना देते हुए पुलिस थाना अधिकारी को पत्र लिखिए।

**प्र25.** मोबाइल का अत्यधिक इस्तेमाल करने वाली पुत्री तथा माँ के मध्य संवाद लिखें। (4)

**अथवा**

जीवन में स्वच्छता का महत्त्व समझाते हुए अध्यापिका तथा छात्र के बीच संवाद लिखें।

**प्र26.** आपका विद्यालय चुनाव के कारण एक दिन के लिए बंद रहेगा। प्रधानाचार्य की तरफ से इसकी सूचना जारी कीजिए। (4)

**अथवा**

'सपना' शीर्षक पर लघुकथा लिखिए।

प्रस्थान बिंदु : मैं घर पहुँची तो टेबिल पर मेरी पसंद के व्यंजनों की भरमार थी। मैं कुछ समझ नहीं पा रही थी कि पापा ने मुझे बताया कि बेटी ..................

**प्र27.** 'गंगोत्री' नामक बोतल-बंद पानी का विज्ञापन तैयार कीजिए। (3)



Scanned with CamScanner